# एफडीआईई के लिए विदेशी कंपनियों को भूमि अधिग्रहण में मदद करेगी सरकार

लखनऊ। प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) लाने के लिए निवेश को इच्छुक फॉर्च्यून 500 कंपनियां को हर तरह की मदद देने का खाका तैयार किया गया है। इसके तहत कंपनियों से उनके मनपसंद निवेश स्थलों के बारे में पूछा जाएगा और वहां भूमि अधिग्रहण में उनकी मदद की जाएगी। सरकार इन कंपनियों के साथ पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप में भी काम करेगी। इसके अलावा प्रोत्साहन स्कीमों को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखते हुए इन कंपनियों को पूंजीगत सब्सिडी भी दी जाएगी। एफडीआई लाने के लिए यूपी सरकार का सबसे ज्यादा फोकस अमेरिका, जापान और यूरोप पर है। सबसे ज्यादा फार्च्यून कंपनियां भी इन्हीं देशों में हैं। यही वजह है कि औद्योगिक विकास मंत्रालय ने इन देशों की कंपनियों को आकर्षित करने के लिए अलग से रणनीति तैयार की है। ब्यूरो